DEATHS IN VARIOUS STATES DUE TO DROUGHT

1518. SHRI ONKAR LAL BERWA:
SHRI YASHPAL SINGH:
SHRI D. N. PATODIA:
SHRI K. LAKKAPPA:
SHRI HIMATSINGKA:
SHRI S. K. TAPURIAH:
SHRI N. K. SANGHI:
SHRI R. R. SINGH DEO:
SHRI VISHWANATH PANDEY:
SHRI Y. A. PRASAD:

Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that many persons died during the last 3 months due to drought in the various States;

(b) if so, the number of persons died as a result thereof State-wise; and

(c) the action taken by Government to meet the situation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE): (a) Enquiries made from the State Governments concerned indicate that no starvation deaths have taken place during the last three months in the drought affected areas.

(b) and (c). Do not arise.

कृषि-मूल्य आयोग

1519. श्री नारायण स्वरूप शर्मा:
श्री जगन्नाथ राव जोशी:
श्री अटल बिहारी वाजपेयी:

क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कृषि-मूल्य आयोग के अनेक सदस्यों ने अनेक कारणों से या तो अपने त्यागपत्र दे दिये हैं या आगे कार्य करने से मना कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं होता।

समुद्रपार संचार सेवा के कर्मचारियों को समयोपरि भत्ता

1520. श्री नारायण स्वरूप शर्मा:
श्री जगन्नाथ राव जोशी:
श्री अटल बिहारी वाजपेयी:
श्री यशपाल सिंह:
श्री ओंकार लाल बेरवा:

क्या संचार मंत्री, 29 अगस्त, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 6376 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दूसरे वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार समुद्रपार संचार सेवा के कर्मचारियों की समयोपरि भत्ते की मांग पर इस बीच विचार कर लिया है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में क्या निर्णय किया गया है?

संसद्-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल): (क) तथा (ख). यह मामला अभी तक विचाराधीन है।

स्वचालित मशीनों के प्रयोग के कारण बेरोजगारी

1521. श्री रघुबीर सिंह शास्त्री:
श्री नारायण स्वरूप शर्मा:
श्री जगन्नाथ राव जोशी:
श्री अटल बिहारी वाजपेयी:
श्री प्रेम चन्द वर्मा:
श्री नि० ब० सिंह:
श्री ए० श्रीधरन:

क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अब तक किन क्षेत्रों और सरकारी विभागों/उपक्रमों में स्वचालित मशीनें लगाई गई हैं;

(ख) इसके परिणामस्वरूप कितने व्यक्ति बेरोजगार हुए हैं;